रीवा–पनवेल-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को सितंबर तक बढ़ाया

जबलपुर 23 जून। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने के लिए गाड़ी संख्या 01751/01752 रीवा–पनवेल-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब यह रेलगाड़ी आगामी दिनांक 26 सितंबर 2023 तक चलाई जायगी।

गाड़ी संख्या 01751 रीवा – पनवेल एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी दिनांक 25.09.2023 तक प्रत्येक सोमवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निर्धारित समय-सारणी और कोच कंपोजीशन के अनुसार चलती रहेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01752 पनवेल - रीवा एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी दिनांक 26.09.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निर्धारित समय-सारणी और कोच कंपोजीशन के अनुसार चलती रहेगी।

इससे पूर्व उक्त गाड़ी संख्या 01751 रीवादृपनवेल एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 26.06.2023 एवं गाड़ी संख्या 01752 पनवेल - रीवा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 27.06.2023 तक चलाने का निर्णय लिया गया था।

यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की जानकारी पता कर सकते है।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/184/2023 दिनांक : 23.06.2023

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें ।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी,
पश्चिम मध्य रेल,जबलपुर